भारत सरकार
आयुष मंत्रालय

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 1860**

06 दिसम्बर, 2024 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

**आयुष वेलनेस सेंटर**

1860. श्रीमती अनीता शुभदर्शिनी:

क्या आयुष मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार देश के लोगों को देश की पारंपरिक उपचार पद्धतियां उपलब्ध कराने के लिए जिला मुख्यालयों पर आयुष वेलनेस सेंटर खोलने की योजना बना रही है;
(ख) यदि हां, तो राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ग) वर्ष 2024-25 के दौरान देश में राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार खोले जाने वाले आयुष वेलनेस सेंटरों की कुल संख्या कितनी है?

**उत्तर**
**आयुष मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)**
**(श्री प्रतापराव जाधव)**

(क) से (ग): जन स्वास्थ्य राज्य का विषय होने के कारण, देश में पारंपरिक उपचार पद्धतियां प्रदान करने के लिए जिला मुख्यालयों पर आयुष वेलनेस केंद्रों को खोलना संबंधित राज्य सरकारों के कार्यक्षेत्र में आता है। हालांकि, राष्ट्रीय आयुष मिशन (एनएएम) की केंद्रीय प्रायोजित योजना के तहत, राज्य/संघ राज्य क्षेत्र की सरकारों से उनके राज्य वार्षिक कार्य योजनाओं (एसएएपी) के माध्यम से प्राप्त प्रस्तावों के अनुसार, देश में कुल 12,500 मौजूदा आयुष औषधालयों और उप स्वास्थ्य केंद्रों को आयुष स्वास्थ्य एवं वेलनेस केंद्रों (एएचडब्ल्यूसी) [जिसे अब आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) नाम दिया गया है] के रूप में उन्नयन के लिए स्वीकृत किया गया है। राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों से प्राप्त रिपोर्टों के अनुसार, अब तक 12250 एएएम (आयुष) को कार्यशील बनाया गया है। स्वीकृत और कार्यशील आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार स्थिति **संलग्नक** पर दी गई है।

*****

**संलग्नक**

**स्वीकृत और कार्यशील आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार स्थिति**

| **क्र.सं.** | **राज्य/संघ राज्य क्षेत्र** | **आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) की स्थिति** | |
|---|---|---|---|
| | | **स्वीकृत इकाइयों की संख्या** | **कार्यशील इकाइयों की संख्या** |
| 1 | अंडमान और निकोबार द्वीप | 6 | 6 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 126 | 126 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 89 | 89 |
| 4 | असम | 500 | 500 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 5 | बिहार | 294 | 113 |
| 6 | चंडीगढ़ | 12 | 11 |
| 7 | छत्तीसगढ़ | 400 | 400 |
| 8 | दिल्ली | 0 | 0 |
| 9 | दादरा नगर हवेली और दमण दीव | 1 | 1 |
| 10 | गोवा | 100 | 100 |
| 11 | गुजरात | 365 | 365 |
| 12 | हरियाणा | 538 | 506 |
| 13 | हिमाचल प्रदेश | 740 | 740 |
| 14 | जम्मू-कश्मीर | 523 | 523 |
| 15 | झारखंड | 745 | 745 |
| 16 | कर्नाटक | 376 | 376 |
| 17 | केरल | 700 | 700 |
| 18 | लद्दाख | 0 | 0 |
| 19 | लक्षद्वीप | 7 | 7 |
| 20 | मध्य प्रदेश | 800 | 800 |
| 21 | महाराष्ट्र | 390 | 377 |
| 22 | मणिपुर | 15 | 15 |
| 23 | मेघालय | 45 | 22 |
| 24 | मिजोरम | 41 | 41 |
| 25 | नागालैंड | 49 | 49 |
| 26 | ओडिशा | 422 | 422 |
| 27 | पुडुचेरी | 4 | 4 |
| 28 | पंजाब | 158 | 158 |
| 29 | राजस्थान | 2019 | 2019 |
| 30 | सिक्किम | 18 | 18 |
| 31 | तमिलनाडु | 650 | 650 |
| 32 | तेलंगाना | 421 | 421 |
| 33 | त्रिपुरा | 72 | 72 |
| 34 | उत्तर प्रदेश | 1034 | 1034 |
| 35 | उत्तराखंड | 300 | 300 |
| 36 | पश्चिमी बंगाल | 540 | 540 |
| **कुल** | | **12500** | **12250** |